शिक्षा सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज आफ फार्मेसी में हुआ विमर्श 7.0 का आयोजन

फार्मेसी शिक्षा का बहुत उज्जवल भविष्य: ओंकार सिंह

हादसा

- कुलपति ने छात्रों को समाजोपयोगी प्रोजेक्ट करने का आव्हान किया
- प्रत्येक छात्र को कमसे कम एक विशिष्टता पैदा करने को कहा

अमर हिन्दुस्तान

काशीपुर। खोखरा ताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह की उपस्तिथि में विमर्श 7.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह देहरादून द्वारा आयोजित सातवां कार्यक्रम है, जो कि काशीपुर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज आफ फार्मेसी में आयोजित किया गया। इस

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह, संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान, चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान एवं संस्थान के निदेशक डा. कपिल चौहान द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना एवं शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाना रहा। विमर्श कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. कीर्ति सिंह एवं तानिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों एवं अध्यापकगणों ने कुलपति से शिक्षा, परीक्षा एवं मूल्यांकन संबंधी प्रश्नों उत्तरी की गई। कुलपति ने कहा कि फार्मेसी शिक्षा का बहुत उज्जवल भविष्य है एवं किस तरह हम फार्मेसी शिक्षा में शोध की ओर आगे बढ़ सकते हैं मंथन होना चाहिए। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं चैयरमैन गोपाल सिंह चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि अगर हम कुलपति महोदय के दिखाएं शिक्षा मार्ग पर चलेंगे तो छात्रों का उज्जवल भविष्य निश्चित है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अलग-अलग संस्थाओं के निर्देशकों एवं छात्रों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम में डा. केवल कुमार, डा. योगराज सिंह, डा. सीमा, डा. राजकुमार, हिमांशु लोहनी, अमित सेन, अंकित राजपूत, जफर, मनीष, सीमा, हिमानी, प्रीति, शुभम, योगेश, शबनम, पवन आदि समस्त अध्यापक मौजूद रहे।कुलपति ने छात्रों के साथ खुले संवाद के विमर्श कार्यक्रम के पूर्व संस्थान में संचालित फार्मेसी पाठ्यक्रम की सुविधाओं का जायजा लिया। छात्रों से पाठ्यक्रम की प्रगति का भी जायजा लिया।